तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

11 प्रदेश के विकास में अनुभवी लोगों का योगदान



12 साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति सम्मानित








प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## खबर संक्षेप

### राजिम में बीपीएच युनिट का लोकार्पण आज





राजिम। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में आज 22 जुलाई को बीपीएच युनिट का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के



अध्यक्ष चंदूलाल साहू तथा पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव करेंगे। लोकार्पण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य द्वय नंदनी-कोमल ढीढी, नंदनी-ओंकार साहू, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जीवन दीप समिति के सदस्य सुश्री छाया राही, पार्षद तुषार कदम, जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में होगा।

### प्रयास विद्यालयों के लिए काउंसलिंग आज से

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग तिथि घोषित कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश पटेल ने बताया कि काउंसलिंग 22 जुलाई 2026 से 5 अगस्त 2026 तक आयोजित की जाएगी। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसलिंग की तिथि विभागीय वेबसाइट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को सूची में आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को कक्षा 8वीं की प्रथम श्रेणी अंकसूची, विद्यालय द्वारा जारी सत्यापन प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति अथवा नक्सल पीड़ित प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों जैसे दिव्यांग, अनाथ, विधवा माता के बच्चे, परित्यक्ता महिला के बच्चे तथा शहीद सैनिक, पुलिस, अर्द्धसैनिक एवं सशस्त्र बलों के बच्चों को संबंधित प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के बाद प्रवेश के पात्र अभ्यर्थियों को तीन दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) तथा जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकल सेल जांच प्रमाणपत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

**समस्या :** सिकासार जलाशय के पानी से फिर फूटा वहीं पुराना हिस्सा, 15 दिनों से बह रहा पानी

# दमकाडीह में नहर टूटने से 100 एकड़ में लगी धान की फसल तबाह, विभाग की लापरवाही से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

पैरी नदी के उस पार दमकाडीह में नहर नाली के फुट जाने से लगभग 100 एकड़ के आसपास धान के पौधे तबाही के कगार पर पहुंचने लगा है। बता दें कि जिस हिस्से में ये नाली फुटा है वह धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक के हिस्से में आता है और यहां राजिम क्षेत्र के सिकासार जलाशय का पानी कुकदा पैरी पिकअप वियर के लेफ्ट केनाल से पहुंचता है। नहक का फुटा हुआ ये वही हिस्सा है जो पिछले साल भी क्षतिग्रस्त हो गया था। किसानों ने अफसरों के ध्यान में इसे लाया था सो काम चलाऊ रिपेयरिंग कर दिया था। अब वहीं हिस्सा फिर से फुट गया है। इसे फुटे हुए 15 दिन हो गए। ये क्षेत्र विधायक अजय चंद्राकर के विधानसभा में आता है। दरअसल ये हिस्सा कुरूद और मगरलोड से काफी दूर पड़ता है। जहां न तो जिले का कोई बड़ा अधिकारी आता-जाता है और न ही कोई स्थानीय नेता देखने वाला है। बहरहाल भेण्डरी के यादराम साहू को जब जानकारी मिली तो बरसते पानी के बीच मौके पर पहुंचे और इस फुटे हुए नहर नाली की तस्वीर भेजकर प्रभावित किसानों से बात किया। गांव के पूर्व उपसरपंच रहे किसान समारू निषाद ने बताया कि वह तीन बार धान बीज डाल चुका है लेकिन बारिश होने और नहर फुटने के कारण पानी की धार खेतों में घुस जाता है जिससे चलते धान का अंकुरण नहीं हो पा रहा है। बताया कि जल संसाधन विभाग के अफसरों का ध्यान आकर्षित किया गया। नहर के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी गई लेकिन इस पर अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। जिसका खामियाजा किसान भुगत रहे हैं।

■ दोबारा बोआई भी हुई बेकार

**कुलापा गेट बंद करने की मांग-** संबंधित एसडीओ रविन्द्र कुंजाम से हमारे प्रतिनिधि ने जब बात किया तो उन्होने कहा कि पिछले वर्ष इस माईनर नाली का मरम्मत कराया गया था। इस वर्ष फिर से इसके फुटने की सुचना मिली है। एसडीओ ने यह भी कहा कि लगातार बारिश होने की वजह से अभी मरम्मत करवाना संभव नहीं है। बारिश रुकने पर ही मरम्मत करवा पाएंगे। बताया कि अभी तो नहर से पानी देना पूरी तरह बंद है। किसानों के खेतों का पानी उल्टा नहर में आ रहा है। यानि अधिकारी अभी भी इस मामले को गंभीरता से नही ले रहे है। जाहिर है अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार ही नही कर रहे है।





**तीन बार बोया बीज, बहाव के कारण नहीं हो रहा अंकुरण**

किसान समारू ने बताया कि नहर नाली की मिट्टी खेतों में जाम हो रहा है। गांव के अन्य किसान धनंजय ध्रुव ,रामस्वरूप, शंकर ध्रुव, सुरेश ध्रुव, मुकेश ध्रुव सहित अन्य लोगों का लगभग 100 एकड़ का नर्सरी लगा हुआ है जिसमें अभी तक धान का एक भी पौधा नहीं उगा है। इससे इन किसानों में चिंता होना लाजिमी है। जानकारी यह भी सामने आई है कि ये नहर नाली खिसोरा-नवागांव मुख्य नहर माईनर कुलापा के माध्यम से दमकाडीह ,मोहरेंगा, परेवाडीह सहित भेण्डरी के सैकड़ों एकड़ खेतों में सिंचाई होती है। फिलहाल किसानों का कहना है कि मुख्य नहर के कुलापा गेट को बंद कर दी जाए तो किसान एक बार फिर फसल बुवाई कर सके।

## अंचल वासियों को मिली संजीवनी 108 की सौगात

**विधायक इंद्रकुमार साहू ने किया शुभारंभ**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विधायक इंद्रकुमार साहू ने अपने विशेष प्रयास से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा को एक नया संजीवनी 108 वाहन उपलब्ध कराते हुए इसका विधिवत शुभारंभ किया गया,जो की उक्त वाहन स्थाई रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में ही उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने बधाई देते हुए कहा कि संजीवनी 108 एक्सप्रेस एक सरकारी आपातकालीन एंबुलेंस सेवा है। जिसका मकसद सड़क हादसे, गंभीर बीमारी, प्रसूति केस में मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाना और रास्ते में प्राथमिक इलाज देना है, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने इसे शहर एवं अंचलवासियों के लिए बहुत सुखद क्षण बताया और जीवनदायिनी संजीवनी एक्सप्रेस भी कहा।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र साहू ने कहा कि संजीवनी 108 वाहन में बेसिक लाइफ सपोर्ट ऑक्सीजन, स्ट्रेचर, बेसिक दवाएं, बीपी. मॉनिटर ,पल्स ▶▶ शेष पेज 10 पर

## जिला पुलिस विभाग में फेरबदल 17 पुलिसकर्मियों का तबादला

**गरियाबंद।** जिला पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने पुलिस विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश क्रमांक 2273/2026 के तहत निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला आरक्षक सहित कुल 17 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का तबादला किया गया है। सभी संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार रक्षित केंद्र गरियाबंद, थाना राजिम, फिंगेश्वर, पाण्डुका, अमलीपदर, देवभोग, छुरा, शोभा, पीपरछेड़ी, यातायात शाखा तथा जिला विशेष शाखा में पदस्थ पुलिसकर्मियों की नई पदस्थापना की गई है। कई कर्मचारियों को रक्षित केंद्र भेजा गया है, जबकि कई को विभिन्न थानों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश के तहत निरीक्षक कृष्ण प्रसाद जगाड़े को जिला विशेष शाखा से रक्षित केंद्र गरियाबंद, प्रधान आरक्षक नितिन चौहान को थाना राजिम से रक्षित केंद्र, आरक्षक विकास कुमार कश्यप को यातायात शाखा से थाना राजिम, आरक्षक कमलेश कुमार ध्रुव को थाना पाण्डुका से थाना पीपरछेड़ी तथा महिला आरक्षक शशी को थाना छुरा से थाना देवभोग स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों ▶▶ शेष पेज 10 पर



## जिला पुलिस ने स्कूली बच्चों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

**घरेलू हिंसा और पॉक्सो कानून पर किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



जिले में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में मंगलवार को स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर सेल तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को ऑनलाइन सुरक्षा, घरेलू हिंसा और बच्चों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल की टीम ने विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, आधार नंबर या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत फोटो और जानकारी सोच-समझकर साझा करने, ऑनलाइन लॉटरी, गेमिंग फ्रॉड और संदिग्ध लिंक से दूर रहने की हिदायत भी दी गई। साथ ही बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) तथा गुड टच-बैड टच के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। बच्चों को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में चुप न रहने और तत्काल भरोसेमंद व्यक्ति या पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1091 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता भी बताई गई। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि स्कूली बच्चों को सुरक्षित ▶▶ शेष पेज 10 पर

**फूलगोभी 80 और मुनगा 180 रुपए किलो पहुंचा**

# बारिश से हरी सब्जियों के दाम आसमान पर भिंभोरा फुटु 1400 रुपए किलो में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

रूक-रूक कर हो रही लगातार बारिश का असर अब आम लोगों की रसोई पर भी दिखाई देने लगा है। सब्जी बाजारों में हरी सब्जियों के दामों में अचानक तेजी आ रही है। बारिश के कारण खेतों से सब्जियों की आवक कम होने और परिवहन प्रभावित होने से अधिकांश सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं, जिससे रसोई का बजट भी बिगड़ने लगा है। इन दिनो फूलगोभी 80 रुपए प्रति किलो और मुनगा 180 रू. प्रति किलो तक पहुंच गया है। इसके अलावा भिंडी, करेला, हरी मिर्च, धनिया, अदरक





सहित अन्य हरी सब्जियों के दामों में 20 से 40 रू. तक का उछाल दर्ज किया गया है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार लगातार हो रही बारिश का असर सब्जियों के दामो पर देखने को मिल रहा है। गृहणियां परेशान बढ़ती मंहगाई से परेशान उपभोक्ताओं, लगातार बढ़ते दामों ने घर का बजट तो बिगाड़ा ही है रसोई में भी सब्जियों की संख्या में कमी आ गई है। बताया जा रहा है कि आवक सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम में और बढ़ोत्तरी हो सकती है। फिलहाल बारिश के इस मौसम ने हरी सब्जियों की गमएँ बढ़ा दी है। गृहणियों का कहना है कि पहले ▶▶ शेष पेज 10 पर

## नीट पेपर लीक पर छात्रों ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नीट परीक्षा में पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों, युवाओं का आक्रोश नवापारा में भी दिखा। रविवार को छात्र, युवा बस स्टैंड के पास पहुंचे। केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों के हाथों में तख्तियां थीं। इन पर पेपर लीक बंद करो, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे लिखे थे। छात्रों ने कहा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवा वर्षों तक मेहनत करते हैं। दिन-रात पढ़ाई करते हैं। भविष्य संवारने का सपना देखते हैं। परीक्षा से पहले पेपर लीक की खबरें आती हैं। मेहनत, ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### फार्मेसी काउंसिल में भ्रष्टाचार की शिकायत राज्यपाल से कर जांच की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल में व्याप्त कथित वित्तीय भ्रष्टाचार, विधि-विरुद्ध निर्णयों, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग, साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत राज्यपाल रमेन डेका से की गई है। शिकायत में बताया गया है कि फार्मेसी काउंसिल के जिम्मेदारों ने की गई शिकायत पर साक्ष्यों से छेड़छाड़, बिना राज्य शासन की स्वीकृति के नियम में संशोधन, अध्यक्ष को नियम विरूद्ध वित्तीय लाभ, रजिस्ट्रार की व्यय सीमा में बढ़ोतरी, मानदेय में बिना नियम के संशोधन किया गया है। आरोप लगाया गया है कि इन घटनाओं से परिषद में वित्तीय अनुशासन का गंभीर ह्रास हुआ है। वैधानिक प्रावधानों की निरंतर अवहेलना की गई है। स्टेट फार्मेसी काउंसिल के सदस्य भगत राम शर्मा, संदीप बजाज, पदेन सदस्य डा. राकेश गुप्ता, राज्यपाल से मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पिछले पांच वर्षो में समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों की राज्य सरकार के मुख्य सचिव द्वारा गठित स्वतंत्र उच्चस्तरीय समिति से जांच कराई जाए।

### अचानक कचना स्कूल पहुंचे बीईओ, बच्चों से लगवाई क्लास



**रायपुर।** कचना स्थित पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला में सोमवार को बीईओ अमित तिवारी अचानक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति और ऑनलाइन हाजिरी की जांच की। इसके बाद उन्होंने खुद बच्चों की क्लास ली और पढ़ाई का स्तर परखा। कक्षा पांचवीं और आठवीं के छात्रों से सवाल-जवाब किए। इस दौरान बच्चों ने 15 और 16 का पहाड़ा फर्राटे से सुनाया, जिसकी बीईओ ने सराहना की। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पहली कक्षा में लेखन पूर्व अभ्यास के माध्यम से वर्णमाला सिखाने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। साथ ही दिए जा रहे गृहकार्य की भी जांच की। बीईओ ने स्कूल में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए और व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा।

### बढ़ते बिजली बिल के खिलाफ 24 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ आम जनता में बढ़ते भारी आक्रोश और लगातार आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने स्पष्ट मांग की है कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें वहां से तुरंत निकाला जाए, नए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों के मामलों की निष्पक्ष जांच कर उनका त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को राजीव गांधी चौक पर होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### विवाद के बाद दोस्तों ने चाकू मारा, युवक घायल

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के छत्तीसगढ़ नगर में चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उसके ही दोस्तों ने विवाद के बाद चाकू मारा है। पुलिस के मुताबिक, चाकूबाजी की घटना में सनी पाल नामक युवक घायल हुआ है। सनी अपने साथी तामेश, विशाल तथा अपचारी बालक के साथ छत्तीसगढ़ नगर के खाली मैदान के पास बैठा था। इस दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। इस दौरान एक युवक ने सनी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। चाकू मारने वाले दोनों लड़के तथा नाबालिग को पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े गए लड़कों के खिलाफ पूर्व में किसी भी तरह से कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

# शिक्षकों को दी जाएगी मास्टर ट्रेनिंग, ताकि छूट सके बच्चों का रटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हरिभूमि सरोकार

नेशनल काउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग अर्थात एनसीईआरटी ने वर्तमान सत्र में 9वीं क्लास की नई किताब जारी की है। छात्रों को नई किताब पढ़ाने से पहले टीचर्स की 'मास्टर क्लास' लगाई जा रही है। सीबीएसई बोर्ड से जुड़े विद्यालयों के शिक्षकों के अलावा केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के शिक्षक भी इसमें शामिल हो रहे हैं। दरअसल, नेशनल एजूकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुल फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजूकेशन 2023 के आधार पर नवमी कक्षा के नए पाठ्यक्रम के आधार पर कई विषयों की किताबें तैयार की गई हैं।

### नवमी कक्षा में लागू किया गया है नया पाठ्यक्रम

#### स्थानीय वस्तुओं को जगह

नई किताबों को इस तरह तैयार किया गया है कि छात्र केवल परिभाषाएं रटने के बजाय कॉन्सेप्ट को समझें और उन्हें लागू कर सकें। एक्सपेरिमेंटल लर्निंग के अंतर्गत सैद्धांतिक चीजों को रोजमर्रा के उदाहरणों, गतिविधियों और वास्तविक स्थितियों से जोड़ा गया है। विज्ञान और गणित में छात्रों की वैचारिक क्षमता बढ़ाने वाले सवाल शामिल किए गए हैं। इस बदलाव के जरिए लंबे समय से चली आ रही पारंपरिक परीक्षा पद्धति की जगह समय और स्किल बेस्ड असेसमेंट सिस्टम को अपनाया गया है। स्थानीय चीजों को भी इसमें शामिल किया गया है, ताकि छात्र इससे जुड़ सकें।




इनमें सामाजिक विज्ञान, कला शिक्षा, गणित और विज्ञान के साथ भाषाओं की अपडेटेड किताबें शामिल हैं। शिक्षकों को नई किताब के स्ट्रक्चर के साथ कक्षा में इन्हें पढ़ाने की तकनीक के बारे में भी बताया जाएगा।

सीबीएसई कुछ स्थानों में यह ट्रेनिंग ऑफलाइन मोड में आयोजित कर रहा है तो कुछ जिलों के शिक्षकों को यह ट्रेनिंग ऑनलाइन मोड में दी जाएगी। सीबीएसई के अनुसार, इस वर्कशॉप का उद्देश्य शिक्षक की तैयारी को मजबूत करना है, जो जुड़े हुए स्कूलों में बदले हुए करिकुलम को लागू करने में मदद करेंगे। बोर्ड ने कहा कि यह ट्रेनिंग शिक्षकों को नई किताबों के पीछे की शैक्षिक सोच को समझने और क्लासरूम में ऐसे तरीके अपनाने में मदद करेगी जो रटने के स्थान पर चीजों को समझने को बढ़ावा देते हैं।

### मांग : नाबालिग चला रहे भारी वाहन, पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

# अस्पतालों और स्कूलों के पास बज रहे कर्कश हॉर्न, चौराहों पर लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के लोग फिर एक बार ध्वनि प्रदुषण से काफी परेशान है। प्रेशर हॉर्न लगाकर बस , ट्रक,हाईवा और स्वराज माजदा जैसे वाहनों में कर्कस आवाज में बजाते निकलते है। ऐसे वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग नागरिकों ने की है। वैसे भी बहुत तेज कर्कश आवाज में प्रेशर हॉर्न बजाने पर सुप्रीम कोर्ट का बंदिश है। जिसका उल्लंघन कई गाड़ी वाले कर रहे हैं। पुलिस को इस पर गंभीरता से कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है। शहर के भीतर और शहर से होकर हाईवे पे गुजरने वाले वाहन अपनी मर्जी चलाते हैं। रोड सूना होने पर भी बेवजह ऐसे हॉर्न को बजाकर अपनी शान समझते हैं। लोगों में इससे नाराजगी बढ़ती चली जा रही है। वैसे भी इस शहर में तथा इस शहर से होकर गुजरने वाले तमाम हाईवा, ट्रकें, मेटाडोर, स्वराज माजदा यहां तक कि रायपुर-देवभोग चलने वाली सभी बड़ी यात्री बसों के अलावा अनेकों गाड़ियों में कर्कश आवाज वाले प्रेशर हॉर्न लगाया गया है। इस हॉर्न की आवाज से लोगों का दिमाग खराब हो जाता है। सीधे इसका असर कान पर पड़ता है। उस वक्त वहां से गुजरने वाले दुपहिया सवार या सायकल-पैदल चलने वालों को नुकसान पहुंचता है। अनेकों ऐसे गाड़ी वाले हैं, जो केवल शेखी बघारते हुए इसे बजाते हैं। उन्हें यह मतलब नहीं रहता कि इससे लोगों को कितनी परेशानी होती है? मेन रोड में कई अस्पताल हैं।

**स्टेट बैंक के सामने सड़क पर कब्जा, ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई की दरकार-** शहर के गंज रोड में सबसे ज्यादा खराब स्थिति स्टेट बैंक के सामने की रहती है। चूंकि यह बैंक बिल्कुल सड़क किनारे है। बैंक में जाने वाले लोग अपनी दुपहिया बीच सड़क पर खड़ी करके जाते हैं। काफी दूर तक पचासों वाहन सुबह 10.30 बजे से बैंक टाईम तक सड़क को घेरकर खड़ी रहती है। इस दौरान बहुत मुश्किल से कोई छोटा-मोटा चारपहिया वाहन ही गुजर पाता है। पुलिस ने यहां पर इस तरह से सड़क के ऊपर दुपहिया वाहन खड़े करने से मना करके रखा है। आखिर लोग सुधर क्यो नही रहे समझ से परे है। वैसे साल-डेड़ साल पहले पुलिस ने यहां खड़े होने वाले वाहनों को जप्त कर थाना ले जाकर कार्यवाही किया था। इसी तरह की कार्यवाही फिर से किए जाने की आवश्यकता दिखने लगी है, क्योंकि रोड पर खड़ी गाड़ियों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल हो जाता है और दुर्घटना की संभावना बन जाती है।

#### प्रमुख चौराहों पर दिनभर जाम, बेतरतीब खड़े हो रहे वाहन

हॉर्न के आवाज से मरीजों के तो हालत खराब हो जाते हैं। स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का ध्यान बंट जाता है। प्रेशर हॉर्न का प्रदूषण सर्वथा लोगों के लिए हानिकारक है।



प्रेशर हॉर्न के अलावा शहर के भीतर जिस रोड पे भी देखो छोटी-बड़ी गाड़ियां अपनी मनमर्जी से बेधड़क रफ्तार में दौड़ती है, जिसके चलते हर पल दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई दफा तो देखने में आता है कि 15-16 साल के लड़के बेधड़क खटारा ट्रकों, हाईवा, मेटाडोर, मिनीडोर और ट्रेक्टर जैसे भारी भरकम वाहनों को दौड़ाते चलते हैं। इन्हें ट्रेफिक का कोई ज्ञान भी नहीं रहता। जिधर पाए, उधर घुसाकर गाड़ी निकाल लेते हैं, अधिकांश गाड़ियां रांग साईड से आती-जाती है। ऐसे ट्रकों या दीगर चारपहिए वाहनों के रफ्तार को देखकर लगता है कि दुर्घटना अब हुई कि तब हुई। यदि पुलिस जांच के लिए उतारू हो जाए, तो दर्जनों गाड़ियां रोज अंदर होगी। गाड़ियों में न तो वैध पेपर मिलेगा और न ड्राईवर का लायसेंस। वैसे पूरे शहर के भीतर इन दिनों ट्रेफिक की समस्या आम हो गई है। प्रमुख चौराहों-तिराहों सहित कई पाईंटों पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। खासकर गंज रोड एवं सदर रोड इस समस्या से अधिक प्रभावित रहता है। यही हालात राजिम-रायपुर मार्ग के बीच छल्लानी पेट्रोल पंप, दम्मानी पेट्रोल पंप, मैडम चौक व इंदिरा मार्केट टर्निंग की है। जहां दिन भर भारी वाहनें जहां-तहां खड़ी रहती हैं।

# राजिम तीर्थ क्षेत्र की महिमा महान : स्वामी ज्ञानानंदजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ज्योतिर्मय पीठ आवंतरभानपुरा मंदसौर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी ज्ञानानंद तीर्थजी राजिम पहुंचे। यहां उन्होने प्राकृतिक छटा देखकर कहा कि इस पौराणिक महातीर्थ के विषय में जैसा सुन रखा था, वैसा ही पाया। भगवान श्री हरि राजीवलोचन की दिव्य मूर्ति देखकर और कुलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर मन प्रसन्न हो गया। विदित हो कि स्वामी जी अंचल के सुप्रसिद्ध शदाणी दरबार में श्रीमद् देवी भागवत करने हेतु पधारे हैं। यह आयोजन शदाणी दरबार की माता हांसी देवी के 200वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हो रहा है। उनके राजीवलोचन मन्दिर आने पर सावरकर राजू भाई, प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा , पंडित विजय शर्मा ने अगुवानी की, मंदिर के श्रीविग्रह के दर्शन कराते हुए रूपेश महाराज ने भगवान की महिमा के बारे में बताया,कुलेश्वर मन्दिर में हरीश महाराज ने यह भूमिका निभाई। जगद्गुरु के साथ स्वामी लक्ष्यश्वरानंद जी तीर्थ, सर्वज्ञ शुक्ला , वीरनारायण दीक्षित, देवन्द्र और अनिल कुमार थे। साथ में पं ब्रह्मदत्त शास्त्री ,रमेश पहाड़िया ने उन्हें मन्दिरों के दर्शन कराए और आगामी राजिम कुम्भ में पधारने का अनुरोध भी किया।

# ग्राम पोंड़ में स्व-सहायता समूहों को दिया मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ग्राम पोंड़ में वनमंडल अधिकारी शशिगानंदन के मार्गदर्शन पर मुख्य वक्ताओं ने पर्यावरण सुरक्षा, प्लास्टिक-मुक्त जीवन और स्व-रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ग्रामवासियों एवं स्व-सहायता समूहों का मार्गदर्शन किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष चौहान, परिक्षेत्र पांडुका 'NGO अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन' के सौजन्य से पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल आजीविका पर एक विशेष प्रशिक्षण सह-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। फाउंडेशन की गतिविधियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहलों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। स्व-सहायता समूहों और जैव विविधता समिति को मोमबत्ती बनाने का व्यावहारिक तरीका सिखाया ताकि वे पर्यावरण-अनुकूल आजीविका अपना सकें।

अनुभव द्विवेदी (संस्थापक, अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन) दैनिक जीवन में प्लास्टिक और पॉलिथीन के गंभीर दुष्प्रभावों से अवगत कराया। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण और जंगलों की सुरक्षा को अनिवार्य बताया।

अवैध कटाई और अतिक्रमण रोकने को सभी ग्रामवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। जैव विविधता का महत्व एवं बीएमसी का गठन उसके उद्देश्य की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। उपस्थित प्रमुख अतिथि एवं जन-प्रतिनिधि कौशिल्या कंवर सरपंच, ग्राम पंचायत पोंड़, संतोष चौहान परिक्षेत्र अधिकारी पाण्डुका, आनंद हरमीट मैनेजर, अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन, रामचंद्र नायक अध्यक्ष, संयुक्त वन प्रबंधन समिति (ग्राम मोंगरा), सदन राम नेताम अध्यक्ष, जैव विविधता समिति,मोंगरा, ईशु जोशी जंगल बीट गार्ड (जैव विविधता समिति सचिव,मोंगरा) डोमारसिंह नेताम एवं मुंगेशर (जैव विविधता समिति सदस्य, मोंगरा) इस कार्यक्रम में ग्राम पोंड़ के अलावा आसपास के क्षेत्रों से आए वन प्रबंधन व समस्त जैव विविधता समितियों के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्लास्टिक-मुक्त पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का प्रशिक्षण में भाग लिया।

# भक्तिभाव से मनाया माता पहुंचानी का पर्व शीतला मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में मंगलवार को माता पहुंचानी का पर्व परंपरा अनुसार पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया माता शीतला के दरबार मे पूजा अर्चना करने सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही। मैनपुर नगर सहित ग्राम हरदीभाठा, भाठीगढ़, नाहनबिरी, झरियाबाहरा, गोपालपुर, जिड़ार, मैनपुरकला, बरदूला, बोईरगांव एवं भाठीगढ़ राज के सभी ग्रामों के शीतला मंदिरो मे माता पहुंचानी का पर्व परम्परा अनुसार मनाया गया ग्राम के लोगों ने माता शीतला मंदिरों में पहुंचकर मां शीतला की विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना की गई माता पहुंचानी पर्व के चलते ग्राम के शीतला मंदिरों में माता शीतला से आशिर्वाद लेने बुजुर्ग, बच्चे, महिला पुरूश बढ़ चढ़ कर शामिल हुए एवं गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशहाली की मनोकामना मांगी गई। गांव की देवी माता शीतला के दरबार मे सभी वर्ग के लोग अपनी अपनी मनोकामनाओ को लेकर नारियल, फूल, चावल, आटे से बने रोटी व लाई फुल, पान, पुजा सामग्री लेकर पहुंचे जहां लोगो ने सुख समृध्दि की कामना किया गया साथ ही लोगो का मानना है कि माता शीतला के कृपा प्रसाद के रूप दुध, नीबू, नीम के पत्ते से बनाए गए ठंडाई माता के आशिर्वाद के रूप मे भक्तो के उपर छिड़का जाता है जिससे यह ठंडाई समस्त रोगो को दूर करता है वहीं माता के कृपा से फसलो मे घातक कीट व्याधियो का प्रकोप कम रहता है, यह माता पहुचांनी पर्व आशाढ़ शुक्ल पक्ष के पावन अवसर पर मनाया जाता है जहां क्षेत्र की सुख शांति के लिए क्षेत्रीय लोग बड़ चढ़ कर इस कार्यक्रम मे भाग लेते है। शीतला मंदिरो मे सुबह से ही गांव के झांकर पुजारी, बड़े बुजुर्ग, पंच, पटेल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहकर देवी देवताओ की अगुवाई किया गया श्रध्दालु मां शीतला के मंदिर में पहुचकर पुजा अर्चना किए,क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम भाठीगढ में भी माता पहुचानी का पर्व धुमधाम के साथ मनाया गया।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रभावितों को ₹1 करोड़ मुआवजे की मांग

# वांगचुक के समर्थन में मैनपुर में गरजे छात्र मूसलाधार बारिश के बीच निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




सोनम वांगचुक के समर्थन में एवं दिल्ली में शांति पूर्ण आन्दोलन कर रहे छात्रें पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में आज मंगलवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में झमाझम बारिश के बीच संयुक्त छात्र संघ द्वारा जंगी रैली निकाल जमकर प्रदर्शन किया गया , सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक में पूजा अर्चना किया गया उसके बाद रैली निकाली गई भारी बारिश के बाद भी रैली में क्षेत्र भर से सैकड़ो की संख्या में छात्र एवं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों के नेता वरिष्ठ जन शामिल हुए और अपना समर्थन दिए, यहां रैली नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय मैनपुर पहुंची जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा कर तत्काल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने की मांग की गई है। सौपें गए ज्ञापन में मांग किया गया है देश में शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता एवं युवाओं के भविष्य में जुड़े गंभीर प्रश्नों को लेकर श्री सोनम वांगचुक सहित अनेक छात्र एवं युवा अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके में आवाज़ उठा रहे हैं। हम भी लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप उनकी न्यायोचित मांगों का समर्थन करते हैं। नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश के लाखों छात्रें और उनके परिवारों का विश्वास प्रभावित किया है। इस प्रकार की घटनाओं की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**हमारी प्रमुख मांगें-** 1. केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी तय करते हुए इस्तीफा लिया जाए। 2. नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। 3. पेपर लीक से प्रभावित छात्रें के हितों की रक्षा के लिए शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी एवं पारदशएं सुधार किए जाएं। 4. जिन छात्रें की मृत्यु इस प्रकरण से संबंधितं परिस्थितियों के कारण हुई है, उनके मामलों की निष्पक्ष जांच कर पात्र होने की स्थिति में उनके परिवारों को 1–1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता एवं न्याय प्रदान किया जाए। इस धरना प्रदर्शन में रैली में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, आदिवासी नेता महेंद्र नेताम, जनपद सदस्य प्रताप सिंह मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, मैनपुरकला के सरपंच गज्जू नेगी सुभाष मरकाम, अमन बाम्बोडे, देवराज साहू,गगन नेगी, युवराज नेताम,दुलेन्द्र नेगी,देवकी तिरधारी, गणेश सांडे,अमित रामटेके,रोमन नेगी ,भोलेश ध्रुव, चंद्रकांत नेताम, लोगेश नेगी, कोमेश्वरी नागेश, झरना मरकाम, जयचंद मरकाम, उमेंद्र नेताम, ईश्वर ध्रुव, विशु ध्रुव उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### अंचल वासियों को...

ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन और अन्य जीवनरक्षक उपकरण,तीन नर्सिंग स्टाफ, तीन वाहन चालक है 24 घंटा के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,पार्षद गण रवि साहू,नम्मू नारायण ध्रुव,धीरज साहू, जीवनदीप समिति के सदस्य संजय साहू,मुकुंद मेश्राम,डॉ.लीलाराम साहू, वर्षा शर्मा,साधना सौरज,धनमती साहू,किरण सोनी,उमा कंसारी,प्रेम साधवानी,मुकेश निषाद,सीएससी के कर्मचारी लिकेश्वर तारक,मुकेश साहू,महेंद्र साहू,दुष्यंत साहू सहित सभी स्टाफ गण शहर-वासी उपस्थित थे।

### जिला पुलिस विभाग...

एवं कर्मचारियों की भी विभिन्न थानों एवं शाखाओं में पदस्थापना की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार यह तबादला आदेश प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। आदेश पर 21 जुलाई 2026 की तिथि अंकित है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना विलंब नई पदस्थापना स्थल पर आमद देने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला पुलिस ने...

वातावरण देना और उन्हें साइबर अपराधों व सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक बनाना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को साइबर ठगी से बचाने के लिए डिजिटल साक्षरता आवश्यक है, वहीं घरेलू हिंसा और बाल अपराधों पर खुलकर संवाद करने से बच्चों का पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा।

### बारिश से हरी...

सीमित बजट में सब्जियां खरीदी जा सकती थी, वहीं अब सब्जी खरीदने से पूर्व जेब को टटोलना पड़ता है।

**पान फुटू का अमचूर के साथ बनता है विशेष व्यंजन-** बारिश के मौसम में जंगली फुटू की आवक मैनपुर नगर व क्षेत्र में बढ गई है। शुरूआती दिनों में इसकी कीमती 1400 रूपये किलो तक पहुंच गया है, भिंभोरा फुटू, पैरा फुटू, मजरमांडी का जायका लोगों को खुब भा रहा है लोग इसे बडे चाव से सेवन करते है, बारिश के मौसम में जंगली में इसकी पैदावार शुरू होती है, वनांचल क्षेत्र मे निवास करने वाले ग्रामीण जंगल में सुबह फुटू संग्रहण करने जाते है और इसे बडा सावधानी पूर्वक संग्रहण कर बाजार तक लाया जाता है, ज्ञात हो कि कई प्रकार के फुटू मशरूम जहरीले भी होते है इसलिए इसकी पहचान बहुत जरूरी है और खासकर इसे ग्रामीण ईलाके के लोग पहचान कर ही सही और अच्छे फुटू की बिक्री करने बाजार तक ला रहे है।

**बाजार में जंगली फुटू की बहार-** विकासखण्ड मैनपुर के वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों जंगली मशरूम (फुटू ) की बहार छाई हुई है। इन दिनों जंगल क्षेत्रें में पान फूटू बड़ी मात्रा में निकलने लगा है ग्रामीणों के द्वारा झोला भर-भर के फूटू को ला रहे हैं, ज्ञात हो कि जंगलों में निवास करने वाले मूल निवासियों के लिए प्रकृति के द्वारा मौसम अनुकूल खाने पीने की नैसर्गिक उत्पादन जंगलों से हो जाता है, गिरे पड़े पत्तों के द्वारा जमीन से पान फूटू पैदा होता है, जिसे अमचूर के साथ सब्जी तैयार किया जाता है, इसका सब्जी बड़ा स्वादिष्ट होता है, गर्मियों के दिनों में सब्जियों के कमी के चलते इस फूटू को सुखाकर भी रखते हैं, जिसका उपयोग सब्जियों के रूप में अनादि काल से मूलनिवासी करते आ रहे है।

### नीट पेपर लीक...

उम्मीदों पर पानी फिर जाता है। छात्रों ने कहा, हमारे लिए परीक्षा केवल परीक्षा नहीं है। यह वर्षों की मेहनत है। यह भविष्य का सवाल है। पेपर लीक होते रहेंगे तो ईमानदारी से तैयारी करने वाले छात्रों का क्या होगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया, बार-बार पेपर लीक की घटनाएं परीक्षा व्यवस्था, सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। युवाओं ने कहा, दोषियों पर ऐसी कार्रवाई हो कि आगे कोई परीक्षा प्रणाली से खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। छात्रों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा, पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध जारी रहेगा। परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, भरोसेमंद नहीं बनाया गया तो आंदोलन चलता रहेगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों में सरकार के प्रति खासा आक्रोश दिखा।

## खबर संक्षेप

### भाठीगढ़ स्कूल में 23 जुलाई को छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किलोमीटर दूर ग्राम भाठीगढ़ शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को स्वर्गीय रामाधार शर्मा एवं स्वर्गीय विमला शर्मा के स्मृति में उनके सुपुत्र संजय शर्मा द्वारा 23 जुलाई को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त कवि मीर अली मीर,नूतन साहू एवं संजय शर्मा कबीर के द्वारा कविता पाठ करके छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन भी किया जाऐगा। उक्ताशय का जानकारी देते हुए संस्था के शिक्षक यशवंत बघेल ने बताया कि 23 जुलाई गुरूवार को समय मध्याह 12 बजे क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सदस्य द्वय संजय नेताम,श्रीमती लोकेश्वरी नेताम के विशिष्ट आतिथ्य मे संजय शर्मा रायपुर द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में बच्चों को बैग एवं अन्य शैक्षिक सामग्री वितरण करते हुए छत्तीसगढ़ के नाम चिन कवियों के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु कविता पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सरपंच ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के ग्रामीण एवं शिक्षकों के द्वारा तैयारी किया जा रहा है।



### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत का त्वरित निराकरण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनहितकारी पहल सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 23, पंजाबी पारा के रहवासियों ने क्षेत्र की जर्जर एवं टूटी हुई सीसी रोड के संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराया था। शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके का निरीक्षण एवं मुआयना किया गया। निरीक्षण में सड़क के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि होने पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सीसी रोड निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया गया। सड़क निर्माण होने से अब वार्डवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिली है। विशेषकर बारिश के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने समयबद्ध कार्रवाई और समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जोन 7 में वेंडिंग कमेटी गठित, जल्द होगा जोन स्तर पर वेंडरों का सर्वे

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के जोन 7 कमिश्नरी ने जोन स्तर पर वेंडिंग कमेटी का गठन कर लिया है। जोन के 7 वार्डो में वेंडरों को चिन्हांकित करने जोन स्तर पर जल्द सर्वे कराया जाएगा। वार्ड पार्षदों की सहमति से यह निर्णय हुआ कि स्ट्रीट वेंडरों की पहचान करने स्थल सर्वे कर संबंधित वेंडरों से दस्तावेज जमा कराया जाएगा। वेंडरों के चिन्हांकन में स्थानीय को प्राथमिकता दी जाएगी। जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि वेंडरों के सर्वे के दौरान यह प्रयास रहेगा कि पीएम स्वनिधि में स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक हितग्राहियों का मार्गदर्शन कर फार्म भराए जाएंगे।
नगर निगम जोन 7 के वार्डो में फुटकर विक्रेताओं को सम्मानपूर्वक आजीविका का अवसर देने नगर निगम जोन स्तर पर जल्द सर्वे कराएगा।

**बैठक : राजिम थाने में सरपंचों और कोटवारों की विशेष बैठक**

# गांवों और मोहल्लों में नए आने वाले व्यक्तियों की हर गतिविधि पर नजर रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले के पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के विशेष निर्देश पर मंगलवार को राजिम थाना परिसर में थाना क्षेत्र के सरपंचों और कोटवारों की अलग-अलग विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराधों की रोकथाम करने तथा बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना रहा। बैठक में थाना क्षेत्र के करीब 25 सरपंच एवं 30 कोटवार शामिल हुए। कोटवारों की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सरपंचों की बैठक शाम 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित की गई।

थाना प्रभारी अमृतलाल साहू ने उपस्थित सरपंचो एवं कोटवारों से कहा कि गांव में नए आने वाले लोगो की पल-पल की जानकारी देंवे। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपरिचित व्यक्ति अथवा अपराध से जुड़ी जानकारी को छिपाने के बजाय तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में किराएदारों के सत्यापन को लेकर विशेष जोर दिया गया। टीआई श्री साहू ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति क्षेत्र में आकर किराए के मकान में रहता है, तो मकान मालिक उसकी जानकारी अनिवार्य रूप से थाना में दर्ज कराएं। इसके लिए संबंधित किराएदार के आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ थाना पहुंचकर समाधान एप में पंजीयन कराना होगा। उन्होंने बताया कि सत्यापन के दौरान संबंधित व्यक्ति की पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी कि वह किस स्थान से आया है? किस उद्देश्य से यहां रह रहा है? क्या कार्य करता है ? तथा उसका स्थायी पता क्या है? इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित व्यक्ति के फिंगर प्रिंट भी लिए जाएंगे तथा उसके मूल निवास स्थान पर भी पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जाएगी। टीआई अमृतलाल साहू ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई देता है या उसकी गतिविधियां सामान्य नहीं लगती हैं, तो उसकी गहन जांच की जाएगी। उन्होंने सरपंचों और कोटवारों से अपील की कि वे गांवों और मोहल्लों में नए आने वाले लोगों की जानकारी रखें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। टीआई श्री साहू ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सरपंचो एवं कोटवारो को अवैध प्रवासियो की सूचना के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया है जिसका नंबर 1800 233 1905 है । इस पर किसी भी समय कॉल किया जा सकता है।



### बिना सत्यापन पर होगी कानूनी कार्रवाई

पुलिस विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में कई लोग किराये के मकानों में निवासरत हैं। बाहरी व्यक्तियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच और वर्तमान गतिविधियों की निगरानी कानून-व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी मकान मालिकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने किरायेदारों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं। इसके लिए वे पुलिस के 'समाधान ऐप' के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी किरायेदारों का आसानी से सत्यापन करा सकते हैं। नियम का उल्लंघन करने वाले मकान मालिकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और गृहस्वामियों से अपील की है कि वे इस सुरक्षा अभियान में पुलिस का पूर्ण सहयोग करें।

### बाहरी व संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर पैनी नजर

एसपी वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की पहचान करना तथा बिना सत्यापन रह रहे किरायेदारों का शत-प्रतिशत रिकॉर्ड खंगालना है। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने सरपंचों और कोटवारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जमीनी स्तर पर सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं। गांव या वार्ड में जीविकोपार्जन, मजदूरी या अन्य व्यवसाय के सिलसिले में बाहर से आकर बसने वाले हर नए नागरिक की जानकारी तुरंत नजदीकी थाने को दें। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध नजर आता है या उसके पास वैध पहचान पत्र नहीं है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को मुहैया कराई जाए।

# सरायपाली ब्लाक सारथी समाज के अध्यक्ष बने राजेंद्र



महासमुंद। छत्तीसगढ़ घासी घसिया सहिस सारथी समाज कल्याण समिति जिला महासमुंद अंतर्गत विकासखंड सरायपाली के लिए केआर सागर प्रांताध्यक्ष के दिशा निर्देशन में जिलाध्यक्ष तुलेंद्र सागर द्वारा सामाजिक नियमानुसार विकासखंड स्तरीय निर्वाचन का विधिवत अधिसूचना जारी किया गया। जिसके तहत अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए नाम निर्देशन अधिसूचना जारी किया गया था। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार, कोषाध्यक्ष के एक उम्मीदवार एवं सचिव के एक उम्मीदवार ने नाम निर्देशन फार्म जमा किया गया। बाद में सचिव पद के लिए उदय कुमार सारथी ने अपना नाम निर्देशन वापस ले लिया। अध्यक्ष पद के लिए 19 जुलाई रविवार को ग्राम केजुवां सरायपाली में चुनाव हुआ। इस चुनाव में कुल तीन उम्मीदवार थे, जिसमें हरिशंकर मांझी कसडोल को 14 मत, उपेंद्र सोना चारभाठा को 115मत, राजेंद्र कुमार सहिस महलपारा सरायपाली को 335 मत प्राप्त हुए तथा 17 मत अविधिमान्य पाए गए। इस प्रकार कुल 481 मतदाता ने अपने मत का उपयोग किया। जिसमें राजेंद्र कुमार सहिस ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पेंद्र सोना से 220 मतों से विजयी हुए। इसी तरह सुभाष बंछोर इच्छापुर वाले निर्विरोध ब्लाक कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। ब्लाक सचिव पद के लिए एक मात्र उम्मीदवार उदेकुमार सारथी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था, किंतु उनके द्वारा नाम वापस लिए जाने के कारण यह पद रिक्त रह गया है। चुनाव में मतदाताओं ने काफी उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लिया। मतदान को संपन्न कराने में समाज के जिलाध्यक्ष तुलेंद्र सागर, जिला सचिव जयकुमार सारथी, पर्यवेक्षक बसना ब्लाक अध्यक्ष आरएल बाघ, सरायपाली कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी (सामाजिक) चंद्रसाय मांझी, पीठासीन अधिकारी सुरेश आस्तुरा, सुअरमाल बागबाहरा सचिव डिगेश सागर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष तेज प्रकाश बंछोर, संरक्षक सीताराम बाघ, प्रकाश सांडे, बसना ब्लाक उपाध्यक्ष कीर्ति राम बेहरा, सचिव अशोक कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष नेहरु बेहरा, शंकर पांडे, सरायपाली ब्लाक संरक्षक कुमरमणि मांझी, युवा नेता टिंकू बाघ का विशेष सहयोग रहा। इस निर्वाचन में पुलिस थाना सरायपाली का भी विशेष सहयोग रहा। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र साय मांझी ने आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश के विकास में अनुभवी लोगों का योगदान हो : गौरी शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील एवं जिला शाखा गरियाबंद के भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा आप सभी पेंशनर्स विभिन्न विभागों के अनुभवी व्यक्ति हैं परिवार एवं समाज में आप सभी लोगों का महत्वपूर्ण स्थान है अब छत्तीसगढ़ के विकास में आप सभी का योगदान हो विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव ने गरियाबंद नगर आप लोगों के मार्गदर्शन में चौमुखी विकास करेगा आप सभी लोगों का सुझाव हमारा मार्ग प्रशस्त करेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्रांत अध्यक्ष चेतन भारती ने पेंशनरों के पिछले वेतन की राशि जो अप्राप्त है माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पेंशनरों के हित में फैसला बताया एवं फैसले का स्वागत किया साथियों के कार्यक्रम में अच्छी उपस्थित अंतिम समय तक बना रहा सभी ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रेमलाल यादव का सम्मान मुख्य अतिथि ने किया तथा 80 वर्ष से अधिक जन्म दिवस माह वाले सदस्य एवं नए सदस्यों का सम्मान हुआ कार्यक्रम का संचालन रोशन पटेल और आभार व्यक्त बोधन लाल काशी ने किया। पुनर्गठित संगठन तहसील का शपथ ग्रहण प्रांता अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष एन के वर्मा द्वारा अधिकृत कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश मानिकपुरी ने शपथ ग्रहण कराया कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसील शाखा अध्यक्ष केशर निर्मलकर, वैशाखूराम साहू तिलक, राम सिंह बंसीलाल साहू, सीताराम ठाकुर, दरसराम सोनी, जि.आर लोधी, शिव प्रकाश वर्मा, केशव राम साहू नोहर सिंह वर्मा, गोकुल राम साहू महेश कुटारे, कौशल्या ठाकुर, श्यामा बाई रजक सरोजिनी रात्रि, त्रिवेणी साहू केऐल सोनवानी, डॉ. कुंभकार महेश्वर दुबे, पुसऊ राम साहू, दीनदयाल साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण



**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी), छुरा में उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में "एक पेड़ माँ के नाम अभियान–2026 के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय मैदान के समीप स्थित रिक्त भूमि में विभिन्न उपयोगी एवं पर्यावरण-अनुकूल प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व के समक्ष एक अत्यंत गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। तापमान में निरंतर वृद्धि, अनियमित वर्षा, भूजल स्तर में कमी, वायु प्रदूषण और प्राकृतिक असंतुलन के कारण आने वाली पीढ़ियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इन चुनौतियों से बचाव के लिए वृक्षारोपण सबसे सरल, प्रभावी और प्राकृतिक उपाय है।

# भाजपा सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही : अनिल चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निशाद एवं भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर मैनपुर पहुंचे तो भाजपा कार्याकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया लोक निर्माण विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात के बाद पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सीधे खादी ग्रामोद्योग कार्यालय मैनपुर का निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान खादी ग्रामोद्योग में काम करने वाले महिलाओं ने नया मशीन के साथ ही रूई उपलब्ध कराने की मांग किया तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम खादी उत्पादन केन्द्र मैनपुर मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है शासन द्वारा सन- 1984–85 में मैनपुर मे खादी उत्पादन केन्द्र का शुभारंभ किया गया है लेकिन आजतक स्वयं का भवन इस कार्यालय को नसीब नही हुआ है बेहद जर्जर भवन बहुत पुराना कवेलू वाला मकान में कार्यालय का संचालन किया जा रहा है जिसके खप्पर और लकड़ी मियार काफी जर्जर हो गये हैं। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह मे छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर संगठन के संबंध में चर्चा किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा भारतीय जनता पार्टी गांव गरीब किसान मजदुर युवाओ और महिलाओ सहित सभी वर्गो के विकास के लिए योजना बनाकर कार्य कर रही है भाजपा कार्यकर्ताओ को चाहिए सरकार की योजनाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने कार्य किया जाये। इस मौके पर प्रमुख रूप से सुरेन्द्र सोनटेके, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, पूर्व जनपद सदस्य डाके"वर नेगी, मनोज मिश्रा, सरपंच घनश्याम मरकाम, रामदास वैष्णव, तानसिंग मांझी, मनोज निर्मलकर सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का पहला जिला स्तरीय मिलन समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला गरियाबंद द्वारा 23 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे गरियाबंद भाजपा कार्यालय में एक भव्य 'कार्यकारिणी परिचायक एवं मिलन समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। जिला गठन के उपरांत पिछड़ा वर्ग मोर्चा का यह पहला एवं ऐतिहासिक सम्मेलन होगा। उक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष शोभाचंद्र पात्र ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निर्देश पर यह कार्यक्रम संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व रायपुर संभाग प्रभारी चुन्नीलाल साहू, प्रदेश मंत्री व संभाग सह-प्रभारी नरोत्तम साहू, सोशल मीडिया प्रदेश सह-प्रभारी व गरियाबंद जिला प्रभारी लक्ष्मण गौतम, तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व गरियाबंद सह-प्रभारी खूबचंद साहू सहित प्रदेश, संभाग और जिले के प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता तथा भाजपा कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जिले के अंतर्गत आने वाले मोर्चा के सभी जिला, मंडल व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का परस्पर परिचय कराना और संगठन में नए उत्साह का संचार करना है। बैठक के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# ढैचा की खेती करने से मिट्टी को पर्याप्त मात्रा में मिलेंगे पोषक तत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

खेती की बढ़ती लागत और रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता के बीच किसानों के लिए एक ऐसा विकल्प सामने आया है,जो न केवल खेती का खर्च कम कर सकता है बल्कि मिट्टी की सेहत भी सुधार सकता है। यह विकल्प है ढैचा की हरी खाद,जिसे कृषि विशेषज्ञ टिकाऊ खेती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। आज जब अधिकांश किसान अच्छी पैदावार के लिए अधिक मात्रा में यूरिया और अन्य रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं, तब ढैचा जैसी दलहनी फसल प्राकृतिक रूप से भूमि में पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाकर खेती को अधिक लाभदायक बना सकती है। ग्राम कुडेरादादर के किसान रामलाल पिता ज्ञानिक साहू ने हरि खाद ढैचा अपने 2 एकड़ जमीन पर लगाया गया है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि ढैचा की खेती मुख्य रूप से खेत की मिट्टी को पोषक तत्व प्रदान करती है। जब ढैचा के पौधे को 40- 50 दिनों की अवस्था में मिट्टी में मिला दिया जाता है तो यह जमीन में प्रचुर मात्रा में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर और जैविक कार्बन छोड़ता है। इसके सड़ने से खेत में केंचुए और मित्र जीवाणु बढ़ते हैं,जो अगली फसल के लिए जमीन को उपजाऊ और भुरभुरा बनाते हैं। साथ ही ढैचा की जड़ों में राइजोबियम बैक्टीरिया होते हैं,जो हवा से नाइट्रोजन खींचकर जड़ों पोषक तत्व भी जोडती है। यही वजह है कि इसे मिट्टी की बैटरी चार्ज करने फसल भी कहा जाता है। ढैचा की बुआई का सही समय अप्रैल से जुलाई के बीच होता है। एक एकड़ खेत के लिए लगभग 20 से 25 किलो बीज पर्याप्त होता है। बुआई से पहले खेत की हल्की जुताई कर लें और मिट्टी में थोड़ी नमी होना जरूरी है। बेहतर अंकुरण के लिए बीज को रातभर पानी में भिगोकर बोया जा सकता है। ढैचा एक ऐसी फ़सल है जो कम लागत में मिट्टी की सेहत सुधारने का बेहतरीन माध्यम है।





**खबर संक्षेप**



## गौरीशंकर ने उपमुख्यमंत्री विजय से की मुलाकात

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके कवर्धा स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट कर जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने देवभोग क्षेत्र के किसानों द्वारा इस वर्ष वर्षाकाल में उत्पादित पहली पारंपरिक सब्जी "खेक्सी" भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं।इस अवसर पर गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि खेक्सी केवल एक सब्जी नहीं, बल्कि देवभोग अंचल की कृषि परंपरा, ग्रामीण संस्कृति और किसानों के परिश्रम का प्रतीक है। वर्षा ऋतु में किसानों द्वारा सबसे पहले उगाई जाने वाली यह सब्जी अपने उत्कृष्ट स्वाद, पौष्टिकता और विशिष्ट पहचान के कारण पूरे क्षेत्र में विशेष स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को भी खेक्सी अत्यंत पसंद है।

## दर्री तालाब में पचरी निर्माण की मांग



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द स्थित फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र की नर्सरी में स्थित दर्री तालाब में पचरी (घाट) का निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से की है। यह तालाब फिंगेश्वर–छुरा मार्ग पर अमेठी और सोरिद खुर्द के बीच जंगल नर्सरी क्षेत्र में स्थित है, जहां आसपास के ग्रामीण प्रतिदिन निस्तारी के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब काफी गहरा है और वर्षभर इसमें पानी भरा रहता है। लेकिन तालाब में पचरी नहीं होने के कारण लोगों को पानी तक पहुंचने और निस्तारी करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, गहराई और सुरक्षित घाट के अभाव में यहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रात्रि के समय जंगली जानवर भी इस तालाब में पानी पीने आते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए निस्तारी करना जोखिम भरा हो गया है।

**निधन**

## सावित्री (पूर्णिमा) सिन्हा



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम खड़मा निवासी सावित्री (पूर्णिमा) सिन्हा का निधन 21 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नाागरिक शामिल हुए। वे स्थानीय किराना व्यवसायी घनश्याम सिन्हा की धर्मपत्नी थीं।

**विडंबना : -भालूडिग्गी, ताराझर और कुरवापानी में पक्का भवन नसीब नहीं; बारिश में बंद हो जाते हैं स्कूल**

# तबेला नहीं, ये है सरकारी स्कूल! मैनपुर के कमार जनजाति गांवों में झोपड़ी के नीचे गढ़ रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तस्वीर मे दिखाई देने वाला यह झोपड़ी तबेला नहीं बल्कि सरकारी स्कूल है और गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी ऊपर बसे ग्राम भालुडिग्गी, ताराझर, कुरवापानी में इसी झोपड़ी में सरकारी स्कूल का संचालन पिछले कई वर्षो से किया जा रहा है। जहां दो दर्जन से ज्यादा स्कूली बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गढ़ रहे है। दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहाल है यहां आज तक पक्का स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया गया है और तो और इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक जान जोखिम में डालकर कई किलोमीटर पैदल सफर कर बच्चों को पढ़ाने स्कूल तक पहुंचते हैं। राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का एक तरफ दम भरते नहीं थका जाता ठीक इसके विपरीत गरियाबंद जिले के दुरस्थ वनांचल ग्रामों मे आज भी आजादी के 78 वर्षों बाद भी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को बैठने के लिए न तो टाटपट्टी नसीब हो पा रही है और न ही सरो के ऊपर छत। झमाझम बारिश होने पर कई -कई दिनों तक स्कूल बंद करना पड़ता है। क्योकि यहां स्कूल संचालन करना किसी खतरे से कम नहीं है। दूसरी तरफ बड़े शहरों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में तमाम सुविधाएं उपलब्ध हो रही है तो वहीं आदिवासी क्षेत्र के बच्चे बेहद ही बदहाली में शिक्षा ग्रहण करने मजबुर हो रहे हैं।





### कमार परियोजना के दावों पर उठे सवाल

ग्राम कुरवापानी, भालुडिग्गी और ताराझर में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं जिनके विकास और उत्थान के लिए राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा कमार परियोजना का स्थापना कर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है जिनके नाम से योजनाओ का संचालन किया जा रहा है उन ग्रामीणों के जीवन स्तर में कोई बदलाव नजर नहीं आता बल्कि इसे संचालित करवाने वाले अफसरों के जीवन स्तर काफी ऊंचा नजर आता है जो सोचने को मजबुर करता है। जब पिछड़ी जनजाति के बच्चो को सरकारी स्कूल भवन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पाना क्या सरकार के दावो की पोल खोल रही है।



### मैदानी गांवों में भी भवन और शिक्षकों का टोटा : बनसिंह सोरी

कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने बताया की पहाड़ी के ऊपर बसे इन ग्रामों में स्कूल भवन या तो झोपड़ी में संचालित हो रहा है या फिर पेड़ों के नीचे। उन्होने बताया की यह पहाड़ी गांवों की स्थिति है लेकिन अन्य कमार जनजाति ग्राम जो सड़क किनारे बसा हुआ है वहां भी कमार जनजाति के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में कोई खास सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। कहीं भवन तो कही शिक्षक की कमी बनी हुई है।

## भाजपा का अलोकतांत्रिक चेहरा बेनकाब : जनक ध्रुव

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है उन्होंने कहा अपनी मांगो को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रे एवं युवाओ पर भाजपा सरकार द्वारा बरबर्तापूर्वक लाठीचार्ज किया गया है जो भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये को उजागर करती है। लगातार नीट सहित कई महत्वपूर्ण परीक्षाओ के पेपर लीक होने से देश के लाखो छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते भाजपा सरकार को चाहिए कि शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तिफा लेना चाहिए लेकिन भाजपा सरकार उल्टा छात्र और युवा शक्ति को कुचलने का प्रयास कर रही है। आंदोलन कर रहे छात्रे पर आंसू गैस के गोले छोड़े गये लाठीचार्ज किया गया जो बेहद ही निंदनीय है। विधायक ध्रुव ने कहा कि सरकार चाहती तो छात्रें को बुलाकर बातचीत कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलती का खामियाजा 22 लाख युवाओं को भुगतना पड़ रहा है।



और इस पूरे घटनाक्रम में 22 छात्र छात्रओं ने आत्महत्या की है इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी सरकार पर है।

# कनफाड में किसानों को दिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम कनफाड के किसानों को नेशनल मिशन ऑन नैचुरल फार्मिंग के तहत रसायन युक्त खेती, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और लागत कम करने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल के द्वारा व्यापक प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को कम से कम एक एकड़ में रसायन मुक्त खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, साथ ही कृषकों को प्राकृतिक खेती जीवामृत, घनामृत, बीजामृत, ब्रह्मात्र, नीमास्त्र, अग्नास्त्र बनाने एवं उपयोग विधि व योजना की जानकारी दी गई, साथ ही कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा,एग्रीस्टेक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषक उन्नति योजना, और धान के बदले अन्य फसल लगाने के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकें, जैविक उत्पादों का निर्माण, मिट्टी सुधार प्रक्रिया और लागत घटाने के वैज्ञानिक तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि अधिक से अधिक किसान इस पद्धति को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य रासायनिक खादों पर निर्भरता कम कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना है। इस दौरान सी आर पी ललिता नागेश, चित्ररेखा निषाद, कृषकगण शोभा राम, गौरसिंह, जयोराम, मदन, सगनु राम, राजकुमार, मानोराम, कमलेश, ओंकार,उडेराम, जगतराम, हनुमान,दुर्जन, सुमित्रा, कुमारी बाई, बैसाखिन, चंद्रावती, केशबाई, रामबाई सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



# हाई स्कूल देहरगुड़ा में एनीमिया जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



विकासखंड मैनपुर में संचालित एनीमिया मुक्त अभियान के अंतर्गत आज शासकीय हाई स्कूल देहरगुड़ा में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एनीमिया जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण कर एनीमिया की जांच की गई। इस अवसर पर चिकित्सकों ने एनीमिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयरन युक्त संतुलित आहार, नियमित आयरन–फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियों का सेवन तथा समय–समय पर स्वास्थ्य जांच एनीमिया की रोकथाम के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, चना, गुड़ एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, ग्राम पंचायत देहरगुड़ा के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर से श्री मोहम्मद शरीब एवं आकांक्षी ब्लॉक फेलो ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण एवं एनीमिया से बचाव के संबंध में प्रेरित किया। इस शिविर का उद्देश्य किशोर–किशोरियों में एनीमिया की समय पर पहचान कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक बनाना है। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। एनीमिया मुक्त मैनपुर अभियान के अंतर्गत विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक विद्याथएँ स्वस्थ, जागरूक एवं एनीमिया मुक्त बन सके।

# साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति, राजिम को समाजहित, सेवा, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए समाज गौरव विकास समिति, रायपुर द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह समारोह रविवार, 19 जुलाई को रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज बंधुओं एवं मातृशक्तियों का सम्मान किया गया।साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति को यह सम्मान समाज में सेवा एवं सामाजिक समरसता की भावना को सशक्त बनाने, राजिम कुंभ मेला में विगत कई वर्षों से विशाल निःशुल्क भोग-भंडारे के सफल आयोजन, तथा छत्तीसगढ़ का प्रथम राजिम भक्तिन माता चौक निर्माण जैसे ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कार्यों के लिए प्रदान किया गया।समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने समिति की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज गौरव विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. सुखदेव राम साहू 'सरस' एवं समस्त आयोजन समिति के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के सभी संरक्षकों, पदाधिकारियों, सदस्यों, सहयोगियों एवं समाजजनों की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का सम्मान है। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, महिला आयोग की अध्यक्ष ममता साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की पूर्व उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, पद्मश्री डोमार साहू तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस गौरवपूर्ण अवसर पर समिति के संरक्षक भुनेश्वर साहू, तहसील साहू संघ फिंगेश्वर के अध्यक्ष खोमन साहू एवं समाजसेवी सुरेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गोंदलाबाहरा-तमोरा मार्ग बदहाल पक्की सड़क निर्माण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड से महासमुंद जिले के ऐतिहासिक गांधी ग्राम तमोरा को जोड़ने वाला गोंदलाबाहरा–तमोरा संपर्क मार्ग आजादी के दशकों बाद भी पक्की सड़क की सुविधा से वंचित है। वर्षों से बदहाल पड़े इस मार्ग के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग ग्राम मुड़ागांव, नवापारा, भैरा, साजापाली और गोंदलाबाहरा से लगभग 4–5 किलोमीटर जंगल क्षेत्र से होकर तमोरा (जिला महासमुंद) तक पहुंचता है। दोनों गांवों के बीच की दूरी कम होने के बावजूद लोगों को कच्चे और जर्जर रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग महासमुंद जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों भीमखोज, खल्लारी तथा बागबाहरा स्थित चंडी माता मंदिर तक पहुंचने का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। साथ ही ओडिशा की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह अपेक्षाकृत छोटा और सुविधाजनक रास्ता माना जाता है। बरसात के मौसम में मार्ग की स्थिति और भी खराब हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ और गहरे गड्ढे बन जाने से दोपहिया और



चारपहिया वाहनों का संचालन मुश्किल हो जाता है। इसका सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले ग्रामीणों पर पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग का शीघ्र सर्वे कराकर पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि सड़क बनने से न केवल ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा चयन**

# जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में 110 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को पीएम श्री स्कूल, गरियाबंद के खेल मैदान में जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में जिले के चारों विकासखंड—गरियाबंद, मैनपुर, छुरा और फिंगेश्वर से चयनित खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला स्तरीय चयन परीक्षण में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के लगभग 110 बालक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, बालिका वर्ग में भी गरियाबंद, मैनपुर, छुरा और फिंगेश्वर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी ट्रायल देने पहुंचीं। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन तकनीकी समिति द्वारा बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग एवं शारीरिक दक्षता के आधार पर किया गया। गौरतलब है कि 10 जुलाई को चारों विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए थे। इनमें चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया, जहां उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए संभावित टीम का चयन किया जाएगा।





**खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन-** ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों में चयन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। खेल मैदान में पूरे दिन प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बना रहा और खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। ट्रायल को सफल बनाने में नोडल अधिकारी संजीव साहू, सूरज महादिक, देवेंद्र वंजारी, नंद कुमार रात्रे, निलेश देवांगन, खुमेश साहू, दानवीर साहू, देवेंद्र पांडे, महेंद्र राजपूत, महेंद्र यादव, एस. नारायण, जीतू सेन, डोमेश्वर ध्रुव, पंकज साहू तथा गोप कुमार वत्सल गुप्ता (मैनपुर) सहित अन्य खेल अधिकारियों एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। चयन समिति ने बताया कि ट्रायल में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सूची तैयार कर नियमानुसार अगले चरण की चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए यह ट्रायल अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

